GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF NEW
AND RENEWABLE ENERGY

IRENA
International Renewable Energy Agency

# Strategic Partnership Agreement

# Between

# Ministry of New & Renewable Energy, Government of India

# And

# International Renewable Energy Agency (IRENA)

The Ministry of New & Renewable Energy, Government of India and the International Renewable Energy Agency (IRENA) (hereinafter referred to as the "Parties" and individually as the "Party")

AIMING TO drive ambition, leadership and knowledge on green energy transitions based on renewable energy in India;

EMPHASISING that reaching the Paris Agreement objectives with a decisive shift to a 1.5 degree pathway while implementing the Sustainable Development Goals (SDGs) requires political leadership, greater ambition and strong multilateral collaboration, especially in the context of post-COVID recovery. Renewable energy is an integral part of energy transitions and strategies to develop and secure sustainable, carbon-neutral, climate resilient and inclusive societies that leave no-one behind.

WHEREAS IRENA is a global organization with a holistic approach specifically to renewable energy planning, development, deployment and integration. With its 167 Members and 17 countries in the process of joining, IRENA has a global reach and strong legitimacy in the international energy architecture.

WHEREAS India is one of the Founding Members of IRENA, and one of IRENA's priority countries to expand the cooperation and deepen the engagement. India has a strong local expertise, both at the government level, as well as in the private sector, think tanks and policy institutions actively working on the energy transition. In addition, India is a global leader in renewable energy with strong current deployments and ambitious long-term goals.

WHEREAS the Ministry of New and Renewable Energy (MNRE) is the nodal Ministry of the Government of India for all matters relating to new and renewable energy. The broad aim of the Ministry is to develop and deploy new and renewable energy to supplement the energy requirements of the country.

RECALLING that India has a strong history of cooperation with IRENA, including through technical assessments, knowledge collaborations, etc. IRENA also intends to provide substantive support to India's energy transition through developing and utilizing strategic opportunities to achieve a greater share of renewables in the country.

BELIEVING THAT forging a stronger partnership between India and IRENA will contribute into a transformation of the global energy system towards combating climate change. IRENA also remains committed to facilitate sharing of lessons from India to IRENA's broader membership.

HAVE REACHED THE FOLLOWING AGREEMENT:

## 1.0 Areas of Cooperation

The proposed areas for the strategic partnership include, but are not limited to, the following:

1. ***Facilitating knowledge sharing from India on scaling-up renewable energy and clean energy technologies***. In India, efforts to scale-up renewable energy deployment are based on innovative, transparent and fast procurement-based business models. These aim at reducing prices of RE for the consumer and increasing the share of RE in the energy mix. The country has made impressive progress in making renewable energy and energy efficiency more accessible and affordable without imposing any subsidy burden on the Government. Knowledge exchange and experience sharing from India to other IRENA member States can increase awareness on the technology options that are available, demonstrate the viability and reliability of these technologies, outline the business models that have worked and the advantages of these models.

2. ***Supporting India's efforts on long term energy planning.*** The Government of India has announced ambitious long-term developmental targets in the sectors of housing, rural electrification, renewable energy, assured electricity supply and reduction in oil import dependence among others. Long term energy planning and assessment of infrastructure requirements are critical translating these targets into reality, especially in view of the rising energy demand and current import dependency. This provides a strong avenue for collaboration, building upon past joint efforts between IRENA and India, to capitalize on IRENA's deep expertise on long term energy planning, grid and power sector infrastructure assessments, and developing renewable energy roadmaps.

3. ***Collaborating to strengthen the innovation climate in India, including through Innovation Day.*** Innovations help to overcome barriers and result in an accelerated deployment of renewables to support the energy transition. Innovative solutions to decarbonize the global energy sector require interventions across a range of areas - policy instruments across the whole technology lifecycle, of new smart technologies, information technology, new types of financial and market instruments, and engagement of new actors across the energy systems such as innovators and start-up entrepreneurs. IRENA and India will collaborate to strengthen the innovation climate in India in the area of RE. An innovation Day will be organized every year in India, providing an opportunity to show case successes and learn from each other's experiences.

4. ***Moving towards cost-effective decarbonization through catalyzing development and deployment of green hydrogen***. IRENA's work on hydrogen from renewable power focuses on assessing the potential role of green hydrogen in the energy transition, both as an enabler to integrate higher shares of renewable energy in the power sector and as an instrument to decarbonize end-uses such as transportation and industry. India has initiated process for developing and thereafter launching a National Green Hydrogen Mission to enable cost competitive green hydrogen production, storage, distribution and application technologies, and putting in place regulations, codes and safety performance and quality standards in consonance with technology and market development stages. Collaboration in the area of Hydrogen would aim at providing India a global platform to share experience under the umbrella of IRENA's Collaborative Frameworks and Coalition for Action, and also strengthen development of supportive policy framework in India to encourage investments in Hydrogen technologies

## 2.0 Collaboration forms and modalities

Subject to applicable laws, rules and policies of both the Parties, the above areas of co-operation will be achieved through the following activities, among others;

- Development of knowledge products;
- Capacity building and enhancement through exchange of personnel, study visits, etc;
- Experience sharing through participation of sector experts and practitioners from India in IRENA events and activities;
- Participation in existing, and creation of new initiatives and programmes;
- Joint events, outreach and communication campaigns;
- Expert input into respective areas of work; and
- Data and information exchange.

Specific collaboration activities under this Strategic Partnership could be agreed periodically through an Annual Work-plan, which will be developed separately and in accordance with the applicable Indian procedures for development cooperation and IRENA's regulations, rules and policies.

## 3.0 Other requirements:

Each Party will bear its own costs in all the programmes of cooperation and meetings contemplated for implementation under this Agreement.

This Agreement is not legally binding and does not create any rights or obligations for the Parties under International law. Any dispute concerning the interpretation or application of this Agreement shall be settled amicably through mutual consultation and / or negotiations between the Parties.

This Agreement shall enter into force on the date of its signing and shall remain in force till such time either of the Parties decides to terminate the same. The termination of this Agreement will not affect the validity and duration of any on-going programmes and projects initiated under the areas of co-operation of this Agreement.

Signed at New Delhi / Abu Dhabi on this day 14th of January of the year 2022 in two (2) originals, each in Hindi and English languages, all texts being equally authentic. In case of any divergence in interpretation, the English text shall prevail.

Indu Shekhar Chaturvedi

Secretary, Ministry of New & Renewable Energy, India

Francesco La Camera

Director-General, IRENA

# नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार

# तथा

# इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी (इरेना)

# के बीच

# रणीनीतिक भागीदारी करार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार तथा इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी (इरेना) (इसके बाद इन्हें "पक्षों" और अलग-अलग तौर पर "पक्ष" के रूप में कहा गया है)

**यह लक्ष्य रखते हुए** कि भारत में अक्षय ऊर्जा पर आधारित हरित ऊर्जा परिवर्तनों के संबंध में महत्वाकांक्षा, नेतृत्व और ज्ञान को आगे बढ़ाया जाएगा;

**इस बात पर बल देते हुए** कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को कार्यान्वित करते हुए, 1.5 डिग्री का लक्ष्य रखकर एक निर्णायक बदलाव के साथ, पेरिस समझौते के उद्देश्यों को हासिल करने के लिए, विशेषकर कोविड के बाद के हालात में सुधार के संदर्भ में, राजनैतिक नेतृत्व, अधिक महत्वाकांक्षा और मजबूत बहुपक्षीय सहयोग की आवश्यकता है। अक्षय ऊर्जा ऊर्जा क्रांति और रणनीतियों का एक अभिन्न अंग है, जिससे टिकाऊ, कार्बन-न्युट्रल, जलवायु के अनुकूल और समावेशी सोसायटिंयां विकसित तथा संरक्षित करने में कोई पीछे न रहे।

**जबकि इरेना** एक वैश्विक संगठन है, जिसका समग्र दृष्टिकोण विशेष रूप से अक्षय ऊर्जा की योजना, विकास, स्थापना और एकीकरण करना है। इरेना के अपने 167 सदस्यों के साथ और 17 देश इससे जुड़ने की प्रक्रिया में हैं, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा निर्माण में वैश्विक पहुंच और सशक्त वैधता है।

**जबकि** भारत इरेना के संस्थापक सदस्यों में से है, और इरेना के प्राथमिकता वाले देशों में शामिल है, जिससे सहयोग का विस्तार होगा और संबंधों में गहनता आएगी। भारत में सरकारी स्तर पर तथा साथ ही निजी क्षेत्र में, दोनों स्तरों पर, मजबूत स्थानीय विशेषज्ञता, विशेषज्ञ समूह और ऊर्जा परिवर्तनों पर सक्रियता से कार्य कर रही नीतिपरक संस्थाएं हैं। इसके अलावा, भारत मजबूत वर्तमान स्थापनाओं और महत्वाकांक्षी दीर्घकालिक लक्ष्यों के साथ अक्षय ऊर्जा में एक वैश्विक मार्गदर्शक है।

**जबकि** नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई), नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित सभी मामलों के लिए भारत सरकार का नोडल मंत्रालय है। मंत्रालय का व्यापक लक्ष्य देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा का विकास और उसकी स्थापना करना है।

**यह स्मरण करते हुए** कि भारत का इरेना के साथ सहयोग का एक मजबूत इतिहास रहा है, जिसमें तकनीकी मूल्यांकन, ज्ञान सहयोग आदि शामिल हैं। इरेना देश में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा हासिल करने के लिए रणनीतिक अवसरों का विकास और उपयोग करके भारत की ऊर्जा क्रांति में विशेष सहायता प्रदान करने का भी इरादा रखता है।

**यह मानते हुए** कि भारत और इरेना के बीच एक मजबूत साझेदारी बनने से जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने में वैश्विक ऊर्जा प्रणाली में बदलाव लाने में योगदान होगा। इरेना, भारत से इरेना की व्यापक सदस्यता के अनुभवों को साझा करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

**निम्नलिखित समझौते पर पहुंचे हैं:**

## 1.0 सहयोग के क्षेत्र

रणनीतिक साझेदारी के लिए प्रस्तावित क्षेत्रों में निम्नलिखित शामिल हैं, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

1. ***अक्षय ऊर्जा और स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियां बढ़ाने के संबंध में भारत से जानकारी साझा करने में सुविधा।*** भारत में, अक्षय ऊर्जा की स्थापना को बढ़ाने के प्रयास नवोन्मेषी, पारदर्शी और तीव्र खरीद-आधारित बिजनेस मॉडलों पर आधारित हैं। इनका उद्देश्य उपभोक्ता के लिए अक्षय ऊर्जा की कीमतों को कम करना और ऊर्जा मिश्रण में अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाना है। सरकार पर सब्सिडी का बोझ डाले बिना अक्षय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता को अधिक सुलभ और किफायती बनाने में देश ने काफी प्रगति की है। भारत से अन्य इरेना सदस्य देशों में ज्ञान का आदान-प्रदान करने और अनुभव साझा करने से उपलब्ध प्रौद्योगिकी विकल्पों पर जागरूकता बढ़ सकती है, इन प्रौद्योगिकियों की व्यवहार्यता और विश्वसनीयता प्रदर्शित हो सकती है, सफल हुए बिजनेस मॉडलों और इन मॉडलों के लाभों की रूपरेखा तैयार की जा सकती है।
2. ***दीर्घकालिक ऊर्जा आयोजना के संबंध में भारत के प्रयासों का समर्थन।*** भारत सरकार ने अन्य के साथ साथ आवासीय, ग्रामीण विद्युतीकरण, अक्षय ऊर्जा, सुनिश्चित बिजली आपूर्ति और तेल के आयात पर निर्भरता में कमी करने संबंधी क्षेत्रों में महत्वाकांक्षी दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों की घोषणा की है। दीर्घकालिक ऊर्जा योजना बनाना और अवसंरचना आवश्यकताओं का आकलन करना, खासकर बढ़ती ऊर्जा मांग और वर्तमान आयात निर्भरता को देखते हुए, इन लक्ष्यों को वास्तविकता में बदलने के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह इरेना और भारत के बीच पिछले संयुक्त प्रयासों पर सहयोग निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है ताकि इरेना की दीर्घकालिक ऊर्जा योजना, ग्रिड और विद्युत सेक्टर अवसंरचना के आकलनों पर गहन विशेषज्ञता का लाभ प्राप्त किया जा सके और अक्षय ऊर्जा रोडमैप तैयार किया जा सके।
3. ***नवोन्मेष दिवस सहित भारत में नवोन्मेष वातावरण को मजबूत बनाने के लिए सहयोग।*** नवोन्मेष से बाधाओं को दूर करने में मदद मिलती है और परिणामस्वरूप ऊर्जा परिवर्तन में सहयोग के लिए नवीकरणीय ऊर्जा की तेजी से स्थापना होती है। वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र को कार्बन-रहित करने के लिए नवोन्मेषी समाधानों हेतु कई क्षेत्रों में हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है, जैसे कि नई स्मार्ट

प्रौद्योगिकियों, सूचना प्रौद्योगिकी, नए वित्तीय और बाजार संबंधी उपायों के संपूर्ण प्रौद्योगिकी जीवनचक्र में नीतिगत उपकरण, ऊर्जा प्रणालियों में नवोन्मेषकों और स्टार्ट-अप उद्यमियों जैसे नवीन कारकों को शामिल करना। इरेना और भारत अक्षय ऊर्जा (आरई) के क्षेत्र में भारत में नवोन्मेषी वातावरण को मजबूती प्रदान करने में सहयोग करेंगे। भारत में हर वर्ष एक नवोन्मेष दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिससे सफलताओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा और एक-दूसरे के अनुभवों से जानकारी मिल सकेगी।

4. ***विकास के लिए प्रेरित करने और हरित हाइड्रोजन की स्थापना करके किफायती कार्बन-रहित बनने की ओर अग्रसर होना।*** अक्षय विद्युत से हाइड्रोजन के संबंध में इरेना का कार्य, विद्युत क्षेत्र में अक्षय ऊर्जा के अधिक हिस्से को समायोजित करने के लिए सुविधाता के रूप में, और परिवहन तथा उद्योग जैसे अंतिम उपयोगों को कार्बन-रहित करने के लिए एक उपकरण के रूप में, दोनों में, ऊर्जा परिवर्तन में हरित ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका का आकलन करने पर केन्द्रित है। भारत ने किफायती हरित हाइड्रोजन उत्पादन, भंडारण, वितरण और अनुप्रयोग प्रौद्योगिकियों को सक्षम बनाने, और प्रौद्योगिकी तथा बाजार विकास चरणों के अनुरूप नियमन, कोड और सुरक्षा प्रदर्शन तथा गुणवत्ता मानक तैयार करने के लिए एक राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन विकसित करके उसका शुभारंभ करने की प्रक्रिया शुरु कर दी है। हाइड्रोजन के क्षेत्र में सहयोग का उद्देश्य, भारत को इरेना के सहयोगात्मक ढांचे और कार्रवाई के लिए गठबंधन के अंतर्गत अनुभव साझा करने के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करना और साथ ही, हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए भारत में सहयोगात्मक नीतिगत ढांचे के विकास को मजबूती प्रदान करना होगा।

## 2.0 सहयोग के प्रकार और तौर-तरीके

दोनों पक्षों के लिए लागू कानूनों, नियमों और नीतियों के अध्यधीन, सहयोग के उपरोक्त क्षेत्रों को अन्य के साथ साथ निम्नलिखित गतिविधियों के माध्यम से प्राप्त किया जाएगाः

- ज्ञान आधारित उत्पादों का विकास;
- कार्मिकों के आदान-प्रदान, अध्ययन दौरों, आदि के माध्यम से क्षमता निर्माण और वृद्धि;
- इरेना के कार्यक्रमों और गतिविधियों में भारत से क्षेत्र के विशेषज्ञों और पेशेवरों की भागीदारी के जरिए अनुभव साझा करना;
- वर्तमान कार्यक्रमों में भाग लेना, तथा नई पहलों और कार्यक्रमों का सृजन करना;
- संयुक्त कार्यक्रम, पहुंच और संचार अभियान;
- कार्य के संबंधित क्षेत्रों में विशेषज्ञ इनपुट; और
- डेटा तथा सूचना का आदान-प्रदान

इस रणनीतिक साझेदारी के तहत विशिष्ट सहयोगात्मक गतिविधियों पर एक वार्षिक कार्य-योजना बनाकर, समय-समय पर सहमति दी जा सकती है, जिसे विकास सहयोग के लिए लागू भारतीय प्रक्रियाओं तथा इरेना के विनियमनों, नियमों और नीतियों के अनुसार अलग से विकसित किया जाएगा।

## 3.0 अन्य अपेक्षाएं:

इस करार के तहत सहयोग के सभी कार्यक्रमों और कार्यान्वयन के लिए आयोजित की जाने वाली बैठकों में प्रत्येक पक्ष अपना व्यय वहन करेगा।

यह करार कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है और अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत दोनों पक्षों के लिए कोई अधिकार या दायित्व का सृजन नहीं करता। इस करार की व्याख्या या लागू होने से संबंधित किसी भी विवाद को आपसी परामर्श और/या दोनों पक्षों के बीच बातचीत के माध्यम से सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया जाएगा।

यह करार इस पर हस्ताक्षर किए जाने की तिथि से प्रभावी होगा और जब तक कोई भी पक्ष इसे समाप्त करने का निर्णय नहीं लेता, तब तक यह प्रभावी रहेगा। इस करार की समाप्ति से इस करार के तहत सहयोग के क्षेत्रों के अंतर्गत शुरु किए गए किसी भी वर्तमान कार्यक्रमों और योजनाओं की वैधता और अवधि पर प्रभाव नहीं पड़ेगा।

नई दिल्ली / आबु धाबी में, वर्ष २०२२ के जनवरी माह के १४ वे दिन दो (2) मूल प्रतियों, हिंदी और अंग्रेजी भाषा में हस्ताक्षरित किया गया, सभी पाठ एक समान प्रामाणिक होंगे। यदि व्याख्या में किसी विषयांतर से संबंधित कोई मामला हो तो अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

| | |
|---|---|
| **इन्दु शेखर चतुर्वेदी** | **फ्रांसेसको ला कॉमेरा** |
| **सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय** | **महानिदेशक, इरेना** |
| **भारत** | |